बदहाली

गार्डनों में गंदगी, पेयजल की कमी बनी अब्दुल हमीद वार्ड की पहचान

अब्दुल हमीद वार्ड में बदहाल व्यवस्थाएं

नवभारत, जबलपुर। शहर के अब्दुल हमीद वार्ड अधारताल में नागरिक सुविधाओं की स्थिति लगातार बिगड़ती दिखाई दे रही है। लोगो ने बताया कि वार्ड में ना तो साफ-सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है और ना ही पानी व बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का सही संचालन हो पा रहा है। गार्डनों की हालत खराब होने से लेकर पानी की कम सप्लाई और दिन में कभी-कभी जलती स्ट्रीट लाइटों तक, कई समस्याएं लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं।

उद्यानों के हाल बेहाल

स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड के कई गार्डनों में लंबे समय से नियमित सफाई नहीं हुई है। जगह-जगह सूखे पत्ते, कचरा और झाड़ियां जमा होने लगी हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कई पेड़ों की कटाई भी की गई, लेकिन नए पौधे लगाने या हरियाली बनाए रखने पर ध्यान नहीं दिया गया। इससे क्षेत्र का वातावरण खराब हो रहा है। वहीं नर्मदा लाइन से होने वाली पानी सप्लाई को लेकर भी लोगों में असंतोष है। रहवासियों ने बताया है कि पानी की टंकी पूरी क्षमता से नहीं भरी जाती, जिसके कारण सप्लाई का प्रेशर बेहद कम रहता है।

कई घरों में नलों से सिर्फ नाममात्र का पानी पहुंच पा रहा है। गर्मी के मौसम में यह समस्या लोगों की मुश्किलें और बढ़ा रही है।

इनका कहना है

पानी की समस्या सबसे बड़ी परेशानी है। कम प्रेशर के कारण कई बार पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती है।

बी एस सेंगर
रहवासी, अबुल हमीद वार्ड

पहले गार्डन में ज्यादा हरियाली थी, लेकिन अब पेड़ कम हो गए हैं। अगर साफ-सफाई हो तो यहां का माहौल बेहतर हो सकता है।

मुस्कान नामदेव
रहवासी, अब्दुल हमीद वार्ड

वार्ड में विकास और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है तथा रहवासियों की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता से करने का प्रयास किया जाएगा।

विमल राय, पार्षद, अब्दुल हमीद वार्ड

उच्च न्यायालय में रखी हर फाइल किसी की ज़िंदगी है : न्यायमूर्ति पाठक

जबलपुर, नवभारत। हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन, जबलपुर द्वारा शुक्रवार को ग्वालियर उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश आनंद पाठक एवं इंदौर खंडपीठ से जबलपुर मुख्यपीठ में स्थानांतरित होकर आए न्यायमूर्ति संजीव कालगांवकर का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन बार एसोसिएशन के सचिव निखिल तिवारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर मुख्य रूप से मध्य प्रदेश सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल के चेयरमैन सीनियर एडवोकेट उमाकांत शर्मा, राज्य शासन के अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह एवं केंद्र शासन के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल सुयश मोहन गुरु भी उपस्थित रहे। जिसके बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा बार-बेंच के संबंधों की गरिमा पर प्रकाश डाला। अपने उद्बोधन में न्यायमूर्ति आनंद पाठक ने कहा, उच्च न्यायालय एक बड़ी यूनिवर्सिटी है। यहाँ हर एक फाइल किसी की ज़िंदगी होती है। न्याय कार्य में हर पहलू पर विचार किया जाना चाहिए। अधिवक्ता को पूरी तैयारी के साथ और न्यायाधीश को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से प्रकरण को लेना चाहिए।

इनकी रही उपस्थिति

न्यायमूर्ति संजीव कालगांवकर ने भी सभा को संबोधित किया एवं न्यायिक अनुशासन तथा न्यायालय की गरिमा बनाए रखने में अधिवक्ताओं की भूमिका पर बल दिया। इस गरिमामय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित थे। इनमें उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गंगराडे, कार्यकारिणी सदस्य विजय शुक्ला, स्वाति असीम जॉर्ज, मनहर दीक्षित, अर्जुन सिंह सहित कई कनिष्ठ अधिवक्ता एवं इंटर्न उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन संस्था की गरिमा एवं बार-बेंच सौहार्द को और मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।

आज बैठेगी लोक अदालत, सुलझेंगे बैंक, जल कर, श्रम आदि के लंबित मामले

जबलपुर, नवभारत। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं मुख्य न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा तथा न्यायमूर्ति विवेक रूसिया, कार्यपालक अध्यक्ष म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में प्रदेश में 09 मई, शनिवार को उच्च न्यायालय स्तर से लेकर जिला न्यायालयों तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुम्ब न्यायालयों तथा अन्य न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय प्रकरणों एवं बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के समझौता योग्य मामले निराकरण हेतु रखे जायेंगे। शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में उच्च न्यायालय की तीन पीठों में कुल 08 खंडपीठ एवं अधीनस्थ न्यायालयों में 1412 खंडपीठ का गठन किया गया है, इस प्रकार संपूर्ण प्रदेश में 1420 खण्डपीठों का गठन किया जाकर लगभग 1 लाख 21 हजार से अधिक लंबित प्रकरणों तथा लगभग 3 लाख प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को लोक अदालत हेतु रैफर किया गया हैं। नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम के लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों तथा म.प्र. नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित संपत्ति कर एवं जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को नियमानुसार विभिन्न छूट प्रदान की जा रही है। पक्षकारों से अधिक से अधिक संख्या में लाभ प्राप्त करने का अनुरोध है।

आपसी सहमति से सुलझेंगे मामले

इस अवसर पर सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पक्षकारों से आह्वान किया गया है कि ऐसे इच्छुक पक्षकारगण जो न्यायालय में लंबित उपरोक्त प्रकार के चिन्हित किये गये प्रकरणों एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का आपसी सहमति से लोक अदालत में निराकरण कराना चाहते है वे संबंधित न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तहसील विधिक सेवा समिति से सम्पर्क करें ताकि मामला नेशनल लोक अदालत में शनिवार को विचार में लेकर निराकृत किया जा सके।

होटल रिलैक्स इन में महिला की हत्या, लहूलुहान शव मिला, साथ रुका युवक फरार

जबलपुर। संजीवनी नगर थाना अंतर्गत धनवंतरी नगर चौराहे पर स्थित होटल रिलैक्स इन के एक कमरे में शुक्रवार सुबह एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। महिला के चेहरे पर चोट के निशान हैं और नाक-माथे से खून बह रहा था, घटना के बाद से महिला के साथ रुका हुआ संदिग्ध व्यक्ति लापता है सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई थी जिसने होटल से अहम साक्ष्य जुटाते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। धनवंतरी चौकी प्रभारी दुर्गेश मरावी के अनुसार पंकज झारिया 26 वर्ष निवासी ग्राम बरेला पठार बरगी का विगत 2 वर्ष से धनवंतरी नगर स्थित रिलेक्स इन होटल में मैनेजर है।16 मई को रात 8-45 बजे जब व ड्यूटी पर था तभी एक युवक, एक महिला के साथ आया और उससे बोला कि दो दिन के लिये रूम किराये से चाहिये तो उसने उस व्यक्ति से आईडी प्रूफ मांगा जिसने अपनी आईडी प्रूफ स्वयं का ड्राईविंग लायसेंस दिया लायसेंस में नाम मुद्दू बंसल पिता भुल्लू बंसल निवासी भैदल खैडी जिला दमोह लेख था जिसे कमरा नम्बर 9 देने पर दोनों कमरे में चले गये थे। शुक्रवार सुबह 10 बजे जब वह रूम चैक कर रहा था तभी कमरा न. 9 चैक करने पहुंचा तो दरवाजा उडका हुआ बंद था धक्का दिया तो दवाजा खुल गया रूम में देखा बिस्तर पर महिला करवट हालत में लेटी थी आवाज लगाया कोई जवाब नहीं मिला, पास जाकर देखा तो बाये तरफकरवट में लेटी महिला के नाक व सिर माथे से खून निकल रहा था , महिला के साथ आया व्यक्ति कमरे में नहीं था। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट पहुंचे जांच पड़ताल की। शिनाख्तगी के प्रयास किये जाने पर महिला की शिनाख्त श्रीमति दुर्गा बाल्मीमिक 40 वर्ष निवासी भेडाघाट के रूप में हुई। प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मानकर पुलिस जांच कर रही है। मामले में होटल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि होटल ने नियमों को ताक पर रखकर महिला को बिना किसी वैध पहचान पत्र के कमरा अलॉट कर दिया था। पुलिस ने होटल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर लिए है । संदेही की तलाश तेज कर दी गई है।

महिला की हत्या कर फांसी पर लटकाई लाश

घमापुर थाना अंतर्गत शीतला माई में एक घर में महिला की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। घमापुर थाना प्रभारी दिनेश गौतम ने बताया कि बम्बादेवी बल्दीकोरी की दफाई में रहने वाली 38 वर्षीय आरती चौधरी पति कन्हैया चौधरी की रमेश डेयरी शीतलामाई में रहने वाले अतुल कोरी के घर में काम करती थी। शाम करीब पांच बजे सूचना मिली कि महिला फांसी पर लटकी है। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। घर का दरवाजा बाहर से बंद था। दरवाजा खुलवाकर अंदर देखने परमहिला फांसी पर लटकी मिली। पुलिस ने छानबीन शुरू की तो प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। हत्या के बाद महिला को फांसी के फंदे पर लटकाया गया है। महिला के शरीर, गले में चोट के निशान मिले है। अतुल कोरी का आपराधिक रिकॉर्ड है जो फिलहाल लापता है। पुलिस संदेही की तलाश कर रही है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। परिजनों समेत अन्य के बयान दर्ज किए जा रहे है ।पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

उर्स में गया परिवार, घर में हुई 4 .50 लाख की चोरी

जबलपुर। कटंगी थाना अंतर्गत वार्ड नं. 8 पंचमपुरा रूमी चौक में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर 4 लाख 50 हजार रूपए का माल पार कर दिया। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब परिवार कटंगी दरगाह उर्स में गया हुआ था । पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को मुबारक मंसूरी मंसूरी 42 वर्ष निवासी वार्ड न. 08 पंचमपुरा रूमी चौक कटंगी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह देहात में फेरी लगाकर कबाड़ खरीदने का काम करता है। 6 मई की रात करीब 12:30 बजे घर मे ताला बंद करके परिवार सहित कटंगी दरगाह उर्स मेला घूमने चला गया था। मेला घूमने और कब्बाली सुनने के बाद रात करीब 3 बजे वापस घर आया देखा कि घर का मुख्य दरवाजा बीच से टूटा था दरवाजा में छेद था फिर घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे के अंदर रखी आलमारी की लॉक टूटा एवं लॉकर मे रखी सोने की 1 पंचाली जिसमे 5 पत्ती लगी हुई थी वजन करीब 7 ग्राम व 01 जोडी झुमके वजन करीब 10 ग्राम व एक जोडी टॉप्स वजन करीब 10 ग्राम , चांदी की 1 जोड़ी हाथ की मेहंदी वजन करीब 60 ग्राम व अंगूठी वजन करीब 5 ग्राम व चांदी की एक मेहंदी बडी वजन करीब 7 तोला व 2 जोडी पायल वजन करीब 5 एवं 6 तोला व 1 गले की चेन वजन करीब 14 ग्राम कीमती करीब 4 लाख 20 हजार रूपए एवं नकदी 30 हजार रूपये नही थे। चोर घर के दरवाजे में छेद करके घर के अंदर घुसकर कमरे में रखी आलमारी का लॉक तोड़कर उसमे रखे सोने चांदी के जेवर नकदी चुराकर ले गए ।

बारिश और आंधी का येलो अलर्ट

जबलपुर। शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदला रहा। सुबह से सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल शुरू हुआ । सुबह बादलों का डेरा रहा दिन चढ़ने के साथ सूर्यदेव निकले लेकिन बादलों के पहरे के चलते तमक फीकी पड़ी रही। मौसम विभाग ने चौबीस घंटे का येलो अलर्ट जारी किया है इस दौरान बारिश और आंधी चल सकती है। मौसम विभाग की माने तो 40 से 50 किमी की रफ्तार से आंधी चल सकती है। इसके साथ ही गरज-चमक के साथ बारिश के आसार है । मौसम विभाग की माने तो उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश तथा उससे सटे उत्तराखंड के ऊपर औसत समुद्र तल से 5.8 से 7.6 किमी ऊँचाई के बीच स्थित पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में बना हुआ है। एक ट्रफ़ मध्य पाकिस्तान तथा उससे सटे पंजाब और राजस्थान के ऊपर स्थित ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण से हरियाणा, दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं आसपास के क्षेत्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम होते हुए उत्तर-पश्चिम बांग्लादेश तक औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊँचाई पर विस्तृत है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38. 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा । न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा।

दुष्कर्म, प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की थी आत्महत्या

जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत माण्डवा बस्ती निवासी एक महिला ने आत्महत्या कर ली थी। मर्ग जांच में खुलासा हुआ कि पीड़िता ने दुष्कर्म और प्रताड़ना से तंग आकर मौत को लगे लगाया था । मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

पुलिस के मुताबिक मांडवा बस्ती निवासी 40 वर्षीय महिला ने आत्महत्या कर ली थी । पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। परिजनों के बयान दर्ज किए । जिसमें यह बात सामने आई कि विनोद विश्वकर्मा पिछले 9-10 महीनों से मृतिका का पीछा कर रहा था। आरोपी लगातार उसकी निगरानी कर रहा था और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। 2 मई 2026 को आरोपी विनोद विश्वकर्मा मृतिका के घर में जबरन घुस गया था वहां उसने मृतिका के साथ बलात्कार किया। दरिंदगी और महीनों से जारी मानसिक उत्पीड़न ने महिला को भीतर से तोड़ दिया, जिसके बाद उसने आत्मघाती कदम उठाने का निर्णय लिया था। जांच रिपोर्ट के अनुसार, प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने अपने घर के बाहर बने टीन शेड वाले कमरे में सीलिंग पाइप के सहारे अपने ही लाल रंग के दुपट्टे से फंदा बनाया और फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी।